| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**अजीत कुमार गोलेछा**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353334273631632 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 20/01/25 | अपीलार्थी अजीत कुमार गोलेछा निवासी समर्थ नगर, जालम विलास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 21.12.2024 को जोधपुर शहर के शिकारगढ़ क्षेत्र में सेना द्वारा खसरा नम्बर 632 की अधिग्रहण की गई भूमि की सीमा रेखा अर्थात बाउण्ड्री से कितनी भूमि में निर्माण कार्य करना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 78 दिनांक 17.01..2025 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक व्याख्या किये जाने से संबंधित होने के फलस्वरूप अपीलार्थी को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है कि प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग जयपुर के परिपत्र दिनांक 02.02.2009 के अंतर्गत पैरा 3 के अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान करना अथवा काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नही है, यदि अपीलार्थी को किसी विशेष दस्तावेज/आदेश की प्रति चाहिए तो उसका स्पष्ट उल्लेख कर सूचना प्राप्त कर सकता है।<br><br>चूंकिं अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.01.2[illegible] 4:35:23 IST
Reason: Approved